संक्षिप्त समाचार

वार्ड नंबर 12 के बाड़ी माजरा व पांसरा में 27.50 लाख की लागत से बनेगी दो सड़कें

नगर निगम ने दोनों सड़कों का निर्माण कराया शुरू

यमुनानगर। नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 12 के बाड़ी माजरा व पांसरा में 27.50 लाख की लागत से दो सड़कों का निर्माण किया जाएगा। दोनों सड़कों पर पानी की निकासी का इंतजाम किया जाएगा। निगम द्वारा इन विकास कार्यों के निर्माण का शुरू करवाया गया। निवर्तमान पार्षद संजीव कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा बाड़ी माजरा के राजेश विहार आठ लाख 84 हजार रुपये की लागत से विशु गोयल की फैक्ट्री से लेकर सोमपाल के घर तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह 18 लाख 66 हजार रुपये की लागत से पांसरा के शारदा विहार में मनजीत टिंबर से लेकर शीशपाल के घर तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। दोनों सड़कें इंटरलॉकिंग टाइलों से निर्मित होंगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा वार्ड 12 में लगभग साढ़े 23 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए। निगम द्वारा वार्ड की हर नियमित कॉलोनी में सड़कों, गलियों व निकासी के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइनों का निर्माण कराया गया। नव नियमित कॉलोनियों में भी करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में सड़कों के जाल बिछाए जा रहे है। नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, लिंक रोड व अन्य सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। देश तेजी से तरक्की कर रहा है। सड़क सड़कों को ध्यान में रखते हुए फ्लाईओवर, अंडरपास व बाईपास बनाए जा रहे हैं। हर व्यक्ति की राह सुगुम बनाई जा रही है। सरकार बिना भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। इसी तरह नगर निगम के हर वार्ड में गलियों, सड़कों व नालियों का निर्माण किया जा रहा है। हमारी सरकार द्वारा बिना भेदभाव हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए है। जो जनहित में है। मौके पर भाजपा महामंत्री मनोज धीमान, रामकुमार पाल, विशाल, तिलकराज, शिवमपाल, हरीश, मोनू, वीरेंद्र, नीरज, सूरज प्रकाश, शास्त्री, छोटे लाल, प्रदीप, सोनू, शीश पाल, कंवर पाल आदि मौजूद रहे।

कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने पर मिलेगा 1 लाख का इनाम : डीसी

यमुनानगर। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करने व करवाने वालों की सही सूचना देने वालों को सरकार द्वारा एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार व प्रशासन की ओर से कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत पंजीकृत सेंटर संचालक व डॉक्टर द्वारा पहली बार गर्भधारण पूर्व लिंग चयन और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण संबंधी जुर्म करने पर 3 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुर्माना तथा इसके उपरांत पुन- जुर्म करने पर 5 साल कैद और 50 हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान है। पति/परिवार के सदस्य या लिंग चयन के लिए उकसाने वाले व्यक्ति के लिए एक्ट में पहले अपराध पर 50 हजार रुपए तक के जुर्माने के साथ 3 साल तक की कैद तथा इसके उपरांत पुन- अपराध करने पर एक लाख रुपये तक जुर्माने के साथ 5 साल तक की कैद का प्रावधान एक्ट में किया गया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिलावासियों से जिला को लिंगानुपात के मामले में पहले पायदान पर लाने का आह्वान करते हुए कहा कि लिंगानुपात को बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि बेटियां अनमोल हैं और इन्हें भी दुनिया में आने का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि केवल बालिका दिवस व महिला दिवस मनाने से कन्या भ्रूण हत्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए हम सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। जिस दिन हम अपनी बेटियों को बेटों के बराबर समझने लगेंगे, उस दिन कन्या भ्रूण हत्या अपने आप रुक जाएगी। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक कानूनी अपराध होने के साथ-साथ सामाजिक अपराध भी है।

सिरसा से कोटा के बीच रेल सेवा शुरू

सिरसा : हरियाणा में सिरसा से कोटा के बीच शनिवार को रेल सेवा शुरु हुई। सांसद सुनीता दुग्गल ने सिरसा रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर कोटा के लिए रवाना किया। उपरोक्त ट्रेन हर रोज बाद दोपहर सवा चार बजे सिरसा से चलेगी। इस रेल सुविधा से श्री खाटू श्याम के श्रद्धालुओं के साथ-साथ विद्यार्थियों व अन्य यात्रियों को फायदा मिलेगा। इस दौरान रेलवे के सहायक मंडल अभियंता आनंद स्वरुप, स्टेशन अधीक्षक नरेंद्र कुमार, यातायात निरीक्षक अजय गौतम, रेलवे सुरक्षा प्रभारी ऊषा निरंकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि रेलसखी योजना के तहत सिरसा लोकसभा क्षेत्र में 5 अमृत भारत रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे। अमृत भारत योजना के तहत कालांवाली रेलवे स्टेशन पर आठ करोड़ 76 लाख रुपये तथा भट्टु रेलवे स्टेशन पर 12 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से सौदर्यीकरण कार्य करवाए जाएंगे। सिरसा रेलवे स्टेशन के सौंदर्यकरण के लिए 2.5 करोड़ का बजट पास करवाया गया है। इस अवसर पर पार्षद सुमन शर्मा,अमन चोपड़ा, सुखविंद्र बराड़, सुरेश पंवार,नरेश महेश्वरी, कर्ण दुग्गल,जसविंद्र पाल भी मौजूद रहे।

कामगार महिलाओं को अब दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी मिलेंगे पांच हजार रुपए

यमुनानगर : प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के नियमों में संशोधन किया है। इस योजना के तहत अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी पांच हजार रुपए की राशि दी जाएगी। यह राशि गर्भावस्था के दौरान हुए कामगार महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए प्रदान की जाती है। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत पहला व दूसरा बच्चा लड़की होने पर ही सहायता राशि दी जाती थी, लेकिन सरकार द्वारा अब कामगार महिलाओं को मद्देनजर रखते हुए नियमों में बदलाव किया गया है, जिसके तहत अब दूसरा बच्चा लड़का होने पर पांच हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। लाभार्थी को दो किस्तों के माध्यम से राशि मिलेगी, जिसमें राशि की एक किस्त तो प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने पर तीन हजार रुपए और दूसरी किस्त में दो हजार रुपए बच्चे के टीकाकरण पूर्ण होने पर मिलेंगे। डीसी ने बताया कि इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ मनरेगा जॉब कार्ड धारक, बीपीएल कार्ड धारक, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाएं और प्रधानमंत्री जन आरोग्य लाभार्थी महिलाओं के अलावा आठ लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाली महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकेगी। आवेदनकर्ता आंगनवाड़ी वर्कर/आशा वर्कर के माध्यम से जानकारी प्राप्त करके आवेदन कर सकती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 3932 केसों को निपटारा

सिरसा : हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुराधा ने बताया कि इस लोक अदालत मे कुल सभी तरह के न्यायालयों में विचाराधीन केस निपटारे के लिए रखे गए जिनमें मुख्यत-चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना, घरेलू विवाद, बिजली व पानी से संबंधित विवाद, दिवानी व फौजदारी विवाद इत्यादि शामिल थे। इस लोक अदालत में न्यायालयों में विचाराधीन कुल 4110 केसों में से 3932 केसों का निपटारा किया गया, जिनमें 19 करोड़84 लाख 82 हजार 495 रूपयों की राशि समायोजित की गई। उन्होंने बताया कि कुल 6 बैंचों का गठन किया गया जिसमें अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन किनरा, प्रधान न्यायाधीश फेमली कोर्ट सुमित गर्ग, सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सलोनी गुप्ता, सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी विशाल श्योकंद, सब-डिविजन ऐलनाबाद में सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मनोज दहिया तथा डबवाली में सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार शामिल रहे।

महिलाओं का सम्मान ही देश और समाज का सम्मान : कुमारी सैलजा

200 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नाम चमकाने के लिए सम्मानित किया

सुमन शर्मा

चंडीगढ़ : कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान ही देश व समाज का असली सम्मान है। जिस समाज में महिलाओं का सम्मान होता है, वह समाज आगे बढ़ता है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। कुमारी सैलजा महिला दिवस पर आयोजित आभार समर्पण के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में संबोधित कर रही थी। उन्होंने यहां लगभग 200 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नाम चमकाने के लिए सम्मानित किया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि आज देश की आधी आबादी महिलाओं की है। यदि महिला शिक्षित होगी तो वह दो परिवारों की जिंदगी सुधारेगी। आज बहुत से लोग हैं, जो अपनी तरक्की के पीछे महिलाओं का हाथ बताते हैं। वह पत्नी के रुप में, बहन के रुप में तथा माता के रुप में हर कामयाब आदमी के पीछे होती है। अब महिलाएं भी विकास और तरक्की का माध्यम बन रही हैं। देश की पहली महिला शिक्षिका ज्योतिबाई फुले ने विपरीत परिस्थितियों में देश का नाम रोशन किया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि आज महिलाएं गर्व के साथ आगे बढ़ रही हैं। समाज सेवा का क्षेत्र हो, नौकरी का क्षेत्र हो या फिर खुद का रोजगार का मामला हो, महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

इस मौके पर पूर्व विधायक बलवान दौलतपुरिया, पूर्व सांसद चरण सिंह रोड़ी, पूर्व विधायक राजरानी पूनम, पूर्व विधायक रिशाल सिंह, नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन राकेश जैन, मेजर राजेंद्रपाल, ईश्वर कौशिक, डॉ. सत्यवान सैन, रिंकू मलिक, चंदन सिंह, नरेश बराड़, ऊषा बराड़, मैनपाल मुआना, श्यामलाल स्वामी, राजेंद्र नंबरदार, धर्मबीर सर्राफ, श्यामलाल स्वामी, राजेश चाढ़ीवाल भी मौजूद रहे।

महिलाओं को नौकरी में मिले विशेष आरक्षण

कुमारी सैलजा ने कहा कि महिलाएं कमजोर इसलिए रह गई हैं क्योंकि उन्हें मौका नहीं मिला। महिलाओं के उत्थान के लिए उनको नौकरी में विशेष आरक्षण मिलना चाहिए। जब कहा जाता है कि महिला को देवी माना जाता है और देवी की पूजा होती है। सैलजा ने कहा कि उन्हें पूजा की जरूरत नहीं, केवल सम्मान की ही जरूरत है।

घर में भी, परिवार में भी संघर्ष कर रही महिलाएं

कुमारी सैलजा ने कहा कि जब-जब महिलाओं को, बहनों को मौका मिलता है, चाहे कोई भी अवसर हो जैसे खेल का, हमारी बहनों ने हमारा नाम रोशन किया है। खासकर हरियाणा की बेटियों ने खेलों में हरियाणा का नाम रोशन किया है। यदि हम अपनी बहनों, बेटियों को मौका दें तो वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ती हैं। प्रतिभा में कोई कमी नहीं है, मौका देने में कमी हो सकती है।

हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने में दिया सहयोग : कार्यक्रम में सहयोगी बालाजी अस्पताल के संचालक डॉ. देवेंद्र सहरावत ने कहा कि वह हमेशा ही महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करते रहे हैं। पिछूखेड़ा तथा सफीदों में समाजसेवी के लिए वह हमेशा तैयार रहते हैं। यदि महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो पुरुषों का भी नाम होगा। इसलिए हमें अपनी बेटियों को शिक्षित करने की जरूरत है, उनको मौका देने की जरूरत है, वह आगे अपने आप बढ़ जाएंगी।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राजपूत धर्मशाला में सेटर-8 करनाल में 17 को होगा राष्ट्रीय अधिवेशन : कुलदीप सिंह तंवर

जंगशेर राणा

चंडीगढ़ : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन राजपूत धर्मशाला सेक्टर-8 में 17 मार्च को आयोजित होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह तंवर ने बताया कि संस्था द्वारा लोकसभा चुनाव में 100 टिकटों की भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को पत्र लिखकर मांग की है।

उन्होंने बताया कि क्षत्रिय महासभा समाज सेवा में अग्रणी संस्था है। सभा का उद्देश्य कमजोर व निर्धन परिवार के बच्चों की सहायता करना, मातृ शक्ति को बढ़ावा देना, क्षत्रिय समाज की भागीदारी के लिए युवाओं में जागरूकता लाना और सर्व समाज हित के लिए कार्य करना है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा 1897 से स्थापित है और वर्ष 2003 से पंजीकृत है। देश के 20 से ज्यादा राज्यों में अपने समाज के लिए कार्यरत हैं। करनाल के अधिवेशन में हमारी संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फतेह सिंह चौहान, एसपीएस राघव रि.सी.ई, टी गोपाल सिंह रि. सिविल जज, भूतपूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सहजवान, ठाकुर कुशल पाल सिंह भूतपूर्व विधायक व राष्ट्रीय महामंत्री गुलाब सिंह, शक्ति सिंह कारोही, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह परिहार, मत्तदर सिंह सिसोदिया, रणबीर सिंह मेहंदवास, हर गोविंद सिंह तोमर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर विरेन्द्र सिंह, वीर करण सिंह विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र सिंह राठौड़ उत्तर प्रदेश, ठाकुर मंगल सिंह परिहार, ठाकुर भुवाल सिंह महाराष्ट्र, उदय सिंह पुंडीर उत्तराखंड, डॉ. शक्ति सिंह राजावत राजस्थान, वीराजीत सिंह त्रिपुरा, हरमेश सिंह पंजाब, ठाकुर दलबीर सिंह राणा हरियाणा, सवाई सिंह राठौड़ तमिलनाडु, डा संजय सिंह झारखंड, दिनेश सिंह राणा छत्तीसगढ़, स्व करूणा निधान सिंह चौहान मध्यप्रदेश, विजय सिंह चावड़ा गुजरात इत्यादि और बहुत से राष्ट्रीय पदाधिकारी व राज्य अध्यक्ष शिरकत करने पहुंचेंगे।

बीरेंद्र सिंह को गठबंधन से नहीं, उचाना में हो रहे विकास कार्यों से दिक्कत : डिप्टी सीएम

कहा, डूबती हुई कांग्रेस आम आदमी पार्टी को भी ले डूबेगी

सुमन शर्मा

चंडीगढ़। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह और उनके परिवार को बीजेपी-जेजेपी गठबंधन से नहीं बल्कि उचाना में हो रहे विकास कार्यों से परेशानी है। उन्होंने कहा कि बीरेंद्र सिंह के समय में उचाना विकास के मामले में पिछड़ा क्षेत्र था लेकिन आज उचाना तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

इसी बात से परेशान होकर बीरेंद्र सिंह गठबंधन पर अपनी भड़ास निकालते हैं। डिप्टी सीएम शनिवार को उचाना में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने आगे कहा कि बीरेंद्र सिंह एक साल से पार्टी छोड़ने की धमकियां दे रहे है, इससे यह साबित हो रहा है कि वे सिर्फ बार-बार तारीख पर तारीख ही दे रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बीरेंद्र सिंह को कोई फैसला लेना है तो वे अपनी राजनीति के हिसाब से लें, ना कि जेजेपी की चिंता करें। उन्होंने कहा कि जहां तक लोकसभा चुनाव में गठबंधन की बात है, तो उस पर एनडीए फैसला लेगा। दोहराया कि जेजेपी और बीजेपी दोनों ही दल सभी दस लोकसभा सीटों पर तैयारी कर रहे हैं।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार ने पिछले करीब साढ़े चार साल में प्रदेश की तरक्की के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने मिलकर आमजन को बहुत सी सहूलियतें दी हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसानों की 14 फसलों की एमएसपी पर खरीद, प्रदेश में सड़क और मेडिकल कॉलेज का नेटवर्क बेहतर होना और आज घर द्वार पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना गठबंधन सरकार में मुमकिन हुआ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही मिलकर प्रदेश की उन्नति के लिए काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि फसल खराबे के मुआवजे के लिए किसान अपने नुकसान की रिपोर्ट पोर्टल पर कर रहे हैं और 15 मार्च तक यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद क्षतिपूर्ति सहायकों की मदद से वेरिफिकेशन करवाकर तुरंत पीड़ित किसानों के खातों में मुआवजा राशि डाली जाएगी।

एक सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज कांग्रेस बैसाखियों के सहारे चल रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की तो नैया डूबेगी ही, साथ में कांग्रेस दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को भी ले डूबेगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने 13 मार्च को जेजेपी की हिसार लोकसभा की होने वाली रैली को लेकर उचाना के जेजेपी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई और कहा कि इस रैली में उचाना की अहम हिस्सेदारी होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्रों में जेजेपी नवसंकल्प रैली के जरिए संगठन को एकत्रित करके अपनी ताकत दिखा रही है।

एनएसएस शिविर शुरू, छात्रों को रूपरेखा बारे बताया

चंडीगढ़ : शाह सतनाम जी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय स्पेशल राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत सरस्वती मां को दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम में बी.एड.के छात्रों ने भाग लिया। एनएसएस कैंप के समन्वयक संदीप सिंह ने छात्रों को कैंप की सात दिनों की रूपरेखा के बारे में बताया। प्रथम दिन सुबह के समय स्वयं सेवकों ने सावनपुरा ढाणी में सफाई अभियान किया। इसके बाद महाविद्यालय प्रांगण में घास की कटाई व साफ-सफाई की गई। स्वयंसेवकों ने दोपहर बाद साक्षरता कार्यक्रम के तहत अशिक्षितों को अक्षर ज्ञान, लेखन करवाना सिखाया गया। प्राचार्या डॉ.रजनी बाला ने स्वयं सेवकों को एनएसएस कैंप के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कैम्प का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को समान सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना %मैं नहीं आप' के सिद्धांत पर कायजू करता है। यह सिद्धांत वसुधैव कुटुंबकम का सार बताता है।

इनोवेशन डेवलपमेंट की प्रक्रिया को लेकर एसडी कॉलेज में एक्सपर्ट सत्र आयोजित

जंगशेर राणा

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सहयोग से ÷इनोवेशन डेवलपमेंट की प्रक्रिया, तैयारी स्तर और लैब टेक्नोलॉजी और तकनीकी हस्तांतरण का व्यावसायीकरण÷ विषय पर एक्सपर्ट सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. नवीन गुप्ता, ओटीटी सी-कैंप में इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी विशेषज्ञ सौम्या राजगोपाल और ओटीटी सी-कैंप में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर विशेषज्ञ डॉ. चेतन चंदोला उपस्थित थे। सत्र में विभिन्न कोर्सों के 150 से अधिक छात्र मौजूद थे।

जीजीडीएसडी सोसाइटी के महासचिव डॉ. अनिरुद्ध जोशी ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और उपस्थित लोगों को प्रोत्साहन के शब्दों से संबोधित किया। जीजीडीएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा और संयोजक डॉ. आशिमा पाठक ने सत्र से विशेषज्ञों का स्वागत किया और उनके सम्मान में उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। सत्र के विशेषज्ञ डॉ. नवीन गुप्ता ने 'बाधाओं में संपन्नताः कैसे संसाधनशीलता तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाती है' विषय पर गहराई से चर्चा की। अपनी विशाल पृष्ठभूमि का लाभ उठाते हुए, उन्होंने सुखना लेक संरक्षण और इनोवेटिव सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट जैसी प्रभावशाली परियोजनाओं का हवाला देते हुए सीमाओं को अपनाने की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया।

डॉ. चेतन चंदोला ने सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर प्लेटफॉर्म्स (सी-कैंप) में अत्याधुनिक अंतर्दृष्टि पर प्रकाश डाला। उन्होंने एडवांस्ड रिसर्च को सुविधाजनक बनाने, सहयोग को बढ़ावा देने और नवीन समाधानों को बढ़ावा देने में सी-कैंप की भूमिकाओं को रेखांकित किया। इसके बाद के सत्र में, सौम्या राजगोपाल ने ऐतिहासिक संदर्भ, वर्तमान गतिशीलता और भविष्य के निहितार्थों में व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स (आईपीआर) की जटिलताओं के बारे में जानकारी दी।

सह-संयोजक डॉ. विक्रम सागर ने छात्रों के बीच स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल, (आईआईसी) के लक्ष्यों और उद्देश्यों को साझा किया। संयोजक डॉ. आशिमा पाठक ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों को सहयोग, भागीदारी और सत्र को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। जीजीडीएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सशक्त व्यक्तियों को आकार देने के कॉलेज के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

राजनीति में भागीदारी और हिस्सेदारी की आवाज बुलंद करेगी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा

करनाल में आगामी 17 मार्च को होगा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का विशाल अधिवेशन

जंगशेर राणा

चंडीगढ़। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने राजनीतिक हिस्सेदारी और भागीदारी के लिए आवाज बुलंद की है। महासभा ने लोकसभा चुनाव के लिए देश भर में क्षत्रिय समाज के 100 दावेदारों के नामों का पैनल विभिन्न राजनीतिक दलों को भेजकर टिकट देने की मांग उठाई है। इसी राजनीतिक मुद्दे को लेकर करनाल में आगामी 17 मार्च को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का विशाल अधिवेशन आयोजित किया जाएगा जिसमें देश के कोने-कोने से समाज के लोग शिरकत करेंगे और राजनीतिक अधिकारों की लड़ाई का आगाज किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर कुलदीप सिंह तंवर ने बताया कि करनाल में महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन राजपूत धर्मशाला सेक्टर 8 में 17 मार्च को होगा। ठाकुर कुलदीप सिंह तंवर ने बताया कि हमारी संस्था अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा 1897 से स्थापित है और सन 2003 से रजिस्टर्ड है भारत के 20 से ज्यादा राज्यों में अपने समाज के लिए कार्यरत है। सभा का उद्देश्य कमजोर व निर्धन परिवार के बच्चों की सहायता करना, मातृ शक्ति को बढ़ावा देना, क्षत्रिय समाज की राजनीति में भागीदारी के लिए जागरुकता लाना इत्यादि जिससे सर्व समाज का भी भला होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री, भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्षों, अमित शाह और राहुल गांधी राज में भागीदारी के लिए 100 टिकट लोकसभा चुनावों देने का प्रार्थना पत्र भेजा। करनाल के अधिवेशन में हमारी संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फतेह सिंह चौहान, एसपी एस राघव रि.सी.ई, टी गोपाल सिंह रि. सिविल जज, पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सहजवान, ठाकुर कुशल पाल सिंह भुतपूर्व विधायक व राष्ट्रीय महामंत्री गुलाब सिंह, शक्ति सिंह कारोही, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह परिहार, मत्तदार सिंह सिसोदिया, रणबीर सिंह मेहंदवास, हर गोविंद सिंह तोमर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर विरेन्द्र सिंह, वीर करण सिंह विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र सिंह राठौड़ उत्तर प्रदेश, ठाकुर मंगल सिंह परिहार, ठाकुर भुआल सिंह महाराष्ट्र, उदय सिंह पुंडीर उत्तराखंड, डॉ शक्ति सिंह राजावत राजस्थान, वीराजीत सिंह त्रिपुरा, हरमेश सिंह पंजाब, ठाकुर दलबीर सिंह राणा हरियाणा, सवाई सिंह राठौड़ तमिलनाडु, डा संजय सिंह झारखंड, दिनेश सिंह राणा छत्तीसगढ़, स्व करूणा निधान सिंह चौहान मध्यप्रदेश, विजय सिंह चावड़ा गुजरात इत्यादि और बहुत से राष्ट्रीय पदाधिकारी व राज्य अध्यक्ष शिरकत करने पहुंचेंगे।


अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा

कुल 2 हजार 580 केसों में से 1 हजार 692 केसों का किया मौके पर ही निपटान

लोक अदालतों में मोटर व्हीकल एक्ट व बिजली चोरी के 485 मामलों की भी हुई सुनवाई, 1692 केसों का निपटारा किया गया

सुमन शर्मा

चंडीगढ़: जिला की अदालतों में शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन पुनीश जिंदिया के नेतृत्व तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निपटारा करने के लिए जिला अदालत पलवल, होडल एवं हथीन की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालतें लगाई गई। इन लोक अदालतों में कुल 2580 केसों में से 1692 केसों का निपटारा किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुनाल गर्ग के नेतृत्व में वर्ष 2024 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जिला न्यायिक परिसर पलवल में सभी मामलों के निपटान के लिए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सूर्यचन्द्र कांत, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कुमुद गुगनानी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंकिता शर्मा, प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट विकास वर्मा एवं प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट आयुश गर्ग की न्यायिक पीठें पलवल में बनाई गईं।

इसी प्रकार होडल न्यायिक परिसर में उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं चेयरमैन उपमंडल विधिक सेवा समिति छवि गोयल व न्यायिक पीठ को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बैठाया गया। इसी क्रम में हथीन न्यायिक परिसर में उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं चेयरमैन उपमंडल विधिक सेवा समिति हथीन पवन कुमार की न्यायिक पीठ को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाने के लिए बैठाया गया। इसके अलावा चेयरमैन पब्लिक यूटिलिटी सर्विस एवं परमानेंट लोक अदालत अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश गर्ग के द्वारा भी प्री-लिटिगेटेड मुकदमों का निपटान किया गया।

इन सभी न्यायिक पीठों में अधिवक्ता फुलवास डागर, अधिवक्ता महिपाल बघेल, अधिवक्ता महेश चंद शर्मा, अधिवक्ता कृष्णा शर्मा, अधिवक्ता हंसराज, अधिवक्ता संदीप अग्रवाल और अधिवक्ता टेकचंद बतौर सदस्य पीठ में शामिल हुए। प्राधिकरण के अधिवक्ता बचाव पक्ष नवीन रावत, जगत सिंह रावत, पिंकी शर्मा, संदीप गुप्ता ने भी लोक अदालत में बतौर रिमांड काउंसिल सहयोग किया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुनाल गर्ग ने राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालतों में वाहन दुर्घटना मुआवजा, बैंक वसूली, राजीनामा योग्य फौजदारी मामले, बिजली एवं पानी के बिल संबंधी मामले, श्रम विवाद, सभी प्रकार के पारिवारिक विवाद, चैक बांउस, राजस्व मामले आदि को रखा गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में इन विवादों के निपटारे के लिए सुलह एवं समझौते के आधार पर निपटारे के प्रयास किए गए, जिसके चलते राष्ट्रीय लोक अदालतों में पारिवारिक मामलों में 13 में से 13 मामलों का सहमति से निपटाया गया। फौजदारी के मामलों में 492 में से 478 मामलों का निपटारा हुआ। चैक बाउंस के 59 केसों में से 13 मामले आपसी सहमति से निपटाए ग